OM - 1 - 2020 DELHI FINAL_Page 1 and 2 06/03/2020 6:20 PM Page 12



# महाशिवरात्रि पर शहर में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा भव्य आयोजन


कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. सुनंदा, ब्र.कु. सुमंगला, कलेक्टर डॉ. एच.आर. महादेव, ब्र.कु. डॉ. दीपक हरके, ब्र.कु. गंगाधर, पूज्य श्री गोविंद महाराज, ज्ञानी दरबार सिंह,मैनेजर,गुरूनानक झीरा साहेब तथा अन्य।



बिग्गेस्ट न्यूज़ पेपर के वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट ब्र.कु. सुमंगला तथा ब्र.कु. सुनंदा को देते हुए डॉ. गुरूरामस्वर्ण श्री। साथ हैं कलेक्टर डॉ. महादेव, ब्र.कु. गंगाधर, डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके तथा अन्य।

**बीदर-कर्नाटक।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ के शिव शक्ति भवन द्वारा शहर में आयोजित पाँच दिवसीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माउंट आबू से आये ओमशान्ति मीडिया के संपादक राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर ने कहा कि मोबाइल से मोबाइल डायरेक्ट कनेक्ट नहीं होता, बल्कि सैटेलाइट के थ्रू ही कनेक्ट होता है, ठीक उसी तरह हम सभी मनुष्य भी परमात्मा से कनेक्टेड हैं। उसी नाते से हम हम एक के हैं, विश्व एक है और एक विश्व परिवार है। इस तरह हम विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को दुःखों से मुक्ति दिलाने के लिए परमात्मा का अवतरण होता है, जो हो चुका है। इसी की यादगार रूप में हम शिवरात्रि मनाते हैं।

राजयोगी ब्र.कु. मंजुनाथ ने 'वर्तमान समय में मन शुद्धि की आवश्यकता' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि अलग-अलग बातों में विभाजित होने से ही मन कमज़ोर, अशांत और दुःखी होता है। मन को सशक्त करने का राजयोग ही कारगर माध्यम है। इस अवसर पर इंटरनेशनल वन्डर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के मुख्य संयोजक डॉ लायन नरेंद्र गौड, राष्ट्रीय संयोजिका बहन डॉ गुरुराम स्वर्ण श्री, ब्र.कु. सुमंगला, ब्र.कु. सुनंदा, डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके, जिलाधिकारी डॉ. एच. आर. महादेव, पूज्य श्री गोविंद महाराज आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विश्व के सबसे बड़े समाचार पत्र तथा होलोग्राफिक शिवलिंग का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. गुरुरामस्वर्ण श्री के द्वारा बिग्गेस्ट न्यूज़ पेपर के वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए ब्र.कु. सुमंगला तथा ब्र.कु. सुनंदा को मेडल तथा बैज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आगे बीदर के विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यक्रम करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित 14 व्यक्तियों को ईश्वरीय सौगात तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ब्र.कु. सरस्वती ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक के मुख्य समाचार पत्रों के प्रतिनिधि तथा सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी विशेष हस्तियां भारी संख्या में उपस्थित रहीं।

### मेले में आकर्षण का केन्द्र

- **ओमशान्ति मीडिया के शिव अवतरण न्यूज़पेपर की लार्जेस्ट होर्डिंग**
- **होलोग्राफिक शिवलिंग दर्शन**
- **वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बीदर का नाम दर्ज़**
- **विभिन्न कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

## श्रीमद्भगवद्गीता महासम्मेलन का सफल आयोजन



**महेसाणा-गुज.।** श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान में कोई भी असम्भव बात नहीं है। हम जिस क्षेत्र में हैं, उसमें धर्म से कर्म करें, अधर्म के मार्ग को त्याग कर धर्म के मार्ग पर चलेंगे तभी हमें श्रेय मिलेगा। उक्त विचार गीता विदुषी राजयोगिनी ब्र.कु. वीणा ने गॉडली पैलेस में आयोजित "श्रीमद्भगवद्गीता महासम्मेलन" में व्यक्त किये। आनर्त संस्कृत-संस्कृति स्वध्याय संस्थान के अध्यक्ष मणि भाई प्रजापति ने कहा कि जब मनुष्य सच्चा आत्म ज्ञान प्राप्त करता है तब मनुष्य के अंतःकरण में व्याप्त आसुरी संपदा पर दैवी संपदा की विजय होती है और मानव चरित्रवान, गुणवान बनता है। बाकी हिंसक युद्ध की बात गीता में कहीं नहीं लिखी हुई है। विश्व हिन्दू परिषद् गुजरात के प्रमुख दिलीप त्रिवेदी ने कहा कि सर्व दार्शनिकों, चिंतकों, विद्वानों ने गीता को सर्वोपरि कहा है। जिसमें भगवान अर्जुन की आत्मा को कहते हैं, मामेकम शरणम व्रज। अर्थात् हे अर्जुन रूपी आत्मा, मुझ एक की शरण में आने से संसार की सर्व समस्याएं दूर हो जाती हैं। ब्रह्माकुमारीज़ के एडिशनल सेक्रेटरी ब्र.कु. बृजमोहन ने 'गीता में वर्णित युद्ध हिंसक या अहिंसक' विषय को स्पष्ट किया। ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि आत्मा के अन्दर ऐसी शक्ति है जो इस कर्मेन्द्रिय रूपी शरीर को चलाती है। हम स्वयं को आत्मा समझ निराकार परम शक्ति परमात्मा के साथ बुद्धि का तार जोड़ेंगे तो अनेक बुराइयां एवं अवगुण पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

महेसाणा के एडिशनल एवं सेशन जज हेमन्त रावल ने कहा कि भारत भूमि धर्म क्षेत्र है, न्याय क्षेत्र है, कर्म क्षेत्र है, भारत विश्व गुरू है। ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा ब्र.कु. सरला दीदी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

### गीता सम्मेलन में...

**कृष्णचंद्र वर्ल्ड योगा पूर्ण संस्थान के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग ट्रस्टी कृष्णकांत बारोट एवं मौलवी जनाब हजरत साहब सादुल्लाखान दादा ने दादी रतनमोहिनी जी को मोमेंटो देकर एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विद्वानों, चिंतकों, संत, महासंत, मौलवी, विभिन्न युनिवर्सिटी के कुलपति, अधिकारीगण, जजेज़, वकील, उद्योगपति, बिज़नेसमैन, शैक्षणिक संस्था के ट्रस्टी, आचार्य, शिक्षक, एवं इस क्षेत्र से जुड़े 300 महानुभाव शामिल हुए।**



**लखनऊ-गोमती नगर।** 'कॉल ऑफ टाइम' विषयक कार्यक्रम का जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी के साथ दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए मुकेश मेश्राम,आई.ए.एस., आलोक रंजन,आई.ए.एस.,पूर्व मुख्य सचिव,उ.प्र. सरकार, दीपक त्रिवेदी,आई.ए.एस.,चेयरमैन,बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, ब्र.कु. राधा दीदी तथा अन्य गणमान्य लोग।

## ब्रह्माकुमारीज़ भ्रातृत्व का पाठ पढ़ाने वाली एकमात्र संस्था



**नेपाल-बीरगंज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'सर्व धर्म सद्भाव स्नेह मिलन' कार्यक्रम में माननीय सांसद हरिनारायण रौनियार ने कहा कि आज यत्र-तत्र धर्म और सम्प्रदाय के नाम पर दंगा-फसाद तथा हिंसा की आग जल रही है। वर्तमान समय की स्थिति को बदलने व विश्व को एकता, भातृत्व तथा सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने वाली एकमात्र ब्रह्माकुमारी संस्था है। नेपाल की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. राज दीदी ने कहा कि संसार में कोई भी चाहे जाति, वर्ग, धर्म और रंग में आबद्ध मानव हों, लेकिन वे सभी एक ही ईश्वर पिता की संतान हैं। शांति, अहिंसा, प्रेम और एकता में ही मानव का उज्जवल भविष्य निहित है। इस अवसर पर प्रदेश सभासद रमेश प्रसाद पटेल, प्रदेश सभासद राजेश्वर प्रसाद साह, प्रदेश सभासद प्रहलाद गिरी, प्रदेश सभासद अब्दुल रहिम अंसारी, प्रदेश सभासद भिमा यादव, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षक ब्र.कु. रामसिंह ऐर, मुख्य संचालिका ब्र.कु. रविना तथा लगायत के विशिष्ट अधिवक्तागणों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## शिवदर्शन आध्यात्मिक मेले में उमड़ा जन सैलाब



**रायपुर-छ.ग.।** शिव जयंती के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला' का उद्घाटन करने के पश्चात् गृह सचिव अरुण गौतम ने कहा कि ये मेला सभी लोगों के लिए रोचक एवं दर्शनीय है। मेले से जीवन की अनेक समस्याओं का अध्यात्म के द्वारा समाधान करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शांति सरोवर में लाइट एंड साउण्ड के माध्यम से प्रदर्शित द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन और चैतन्य देवियों की झाँकी बहुत ही अद्भुत है। ऐसी सजीव प्रस्तुति बहुत कम देखने को मिलती है। महालेखाकार राजीव कुमार ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन कर मन अति प्रसन्न एवं हर्षित अनुभव कर रहा है। यह सभी के लिए दर्शनीय है। क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला दीदी ने कहा कि यह मेला सभी के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने सभी को मेले का अवलोकन कर लाभ लेने को कहा।

RNI NO RAJHN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/18-20, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2018-20, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 12th Mar 2020
प्रकाशक एवं संपादक : गंगाधर नरसिंघानी, सह-संपादक : ब्र.कु. अनुज, डी.बी. प्रिंट कॉर्प. जयपुर से मुद्रित एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के लिए छपवाया। ई.मेल - omshantimedia@bkivv.org
कार्यालय : ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन, आबू रोड, (राज.) - 307510